# दिनांक 26/10/2015 को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई विद्या परिषद की षष्ठम् बैठक का कार्यवृत।

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 पी0के0 गर्ग, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | डा0 वी0एस0 बिष्ट, निदेशक, बी0आई0एस0एस0 भीमताल | सदस्य |
| 3. | डॉ0 एस0टी0 थौराट, निदेशक, एन0आई0टी0, उत्तराखण्ड | सदस्य |
| 4. | डॉ0 रजनीश श्रीवास्तव, निदेशक, एन0आई0टी0, हमीरपुर | सदस्य |
| 5. | डॉ0 बी0के0 सिंह, निदेशक, एस0आई0टी0, पिथौरागढ | सदस्य |
| 6. | डॉ के0के0 एस0, मेर, निदेशक आई0टी0 गोपेश्वर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 पी0सी0 गोप, विभागाध्यक्ष, इंजी0 विभाग, जी0पी0ए0यू0टी0, पंतनगर | सदस्य |
| 8. | श्री पी0के0 जोशी, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय सदस्य सचिव | विशेष आमंत्रित |
| 9. | डॉ ए0के0 शाह, विशेष कार्याधिकारी, | विशेष आमंत्रित |
| 10. | श्रीमती शबाली गुरूंग, सहायक निदेशक, कीडा, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय | विशेष आमंत्रित |
| 11. | डॉ0 अलकनंदा अशोक, निदेशक, महिला प्रौद्योगिक संस्थान, देहरादून | विशेष आमंत्रित |
| 12. | श्री अरूण कुमार, सहायक, परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय | विशेष आमंत्रित |

बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व मा0 कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् के नामित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

**बिन्दु सं0 01:– विद्या परिष्द की पंचम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन एवं संपन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में कृत कार्यवाही की सूचना।**

**विनिश्यचः–** विद्या परिषद की पंचम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया तत्पश्चात् विद्या परिषद की सम्पन्न हुई पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की सूचना से मा0 सदस्यों को निम्नानुसार अवगत कराया गया।

| पंचम बैठक में लिये गये निर्णय | कृत कार्यवाही |
|---|---|
| **मद संख्या–01** में विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया कि डॉ0 ए0के0 स्वामी, प्राचार्य, जी0बी0 पंत इंजीनियरिंग कालेज द्वारा सुझावित प्रस्ताव की इंजीनियरिंग संस्थाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से जो प्रवेश दिये जाते है, में प्रथम काउंसिलिंग में सीट आवंटन के उपरान्त यदि छात्र द्वितीय काउंसिलिंग में प्रतिभाग करता है तो छात्र से न्यूनतम रू0 200/– शुल्क लिये जाने के उपरान्त ही ऑनलाइन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। | विद्या परिषद के निर्णयानुसार कार्यवाही सम्पादित की गयी तथा इसका निर्णय Counselling Committee द्वारा लिया जाना शेष है। |
| **मद संख्या–02 I-** निदेशक, टी0एच0डी0सी0–आई0एच0ई0टी0 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर विचार विमर्श के | हाइड्रोपावर स्पेशलाइजेशन, इलेक्टिब सब्जेक्ट के रूप में संस्थान में ऑडिट |

| | |
|---|---|
| उपरान्त हाइड्रोपावर स्पेशलाइजेशन, इलेक्टिब सब्जेक्ट संस्थान में ऑडिट कोर्स के रूप में प्रारम्भ किये जाने पर विद्या परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।<br>**II-** विस्तृत विचार उपरान्त विद्या परिषद द्वारा संस्थान में एन0सी0सी0 यूनिट प्रारम्भ किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।<br>**III-** विद्या परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया कि संस्थान निदेशक द्वारा द्वाराहाट इंजीनियरिंग संस्थान के साथ कनस्लटेन्सी रूल टिहरी संस्थान में भी लागू किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा विद्या परिषद द्वारा सहमति दी गयी कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा निर्गत कनस्लटेन्सी रूल संस्थान द्वारा लागू किये जा सकते है।<br>**IV-** विश्वविद्यालय के एकेडमिक केलेण्डर तथा टीचिंग लोड के सम्बन्ध में विद्या परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि ए0आई0सी0टी0 नार्मस के अनुसार संस्थान में टीचिंग लोड निर्धारित किया जाये तथा कैजुअल लीव तथा एकेडमिक लीव के सम्बन्ध में विद्या परिषद द्वारा संस्थान प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।<br>**V-** PABS के सम्बन्ध में अनुमोदन। | कोर्स के तहत प्रारम्भ कर दिया गया है।<br>कार्यवाही लम्बित है तथा तत्काल कार्यवाही की जायेगी।<br>कार्यवाही गतिमान है।<br>विद्यापरिषद द्वारा अनुमोदित एकेडमिक कलेण्डर विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर जारी कर दिया गया था। अवकाश व Teaching Load इत्यादि का कार्य नियमानुसार निष्पादित किया जा रहा है।<br>समस्त संघटक संस्थानों में यू0जी0सी0 Regulation 2013 के अनुसार PABS लागू कर दिया गया है। |
| **मद सं0–03**<br>**(1)– I** परीक्षा समिति की सातवीं बैठक में रखे गये एजेण्डा बिन्दु संख्या 709 पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम्बन्धित सेमेस्टर की बैक परीक्षाएं भी आयोजित की जायेगी और अलग से कोई भी बैक पेपर अथवा स्पेशल बैक परीक्षाएं नहीं करायी जायेगी। समिति द्वारा इस प्रकरण पर विद्या परिषद से अनुमोदित कराये जाने पर सहमति बनी है।<br>**II** परीक्षा समिति की आठवी बैठक में रखे गये एजेण्डा बिन्दुओं पर समिति की सर्वसम्मती से सहमती बनी है, कि Sessional Exam में अनुत्तीर्ण छात्रों के सम्बन्ध में संस्थान स्तर पर ही निर्णय लिया जाय।<br>**III** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2013–14 से M.Tech.Sequential/M.Tech(Research) पाठ्यक्रम को बन्द किये जाने का निर्णय लिया गया<br>**IV** विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया अकेडमिक कलेण्डर सत्र 2014–15 विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने तथा समस्त सम्बद्ध संस्थानों को | विशेष परिस्थितियों में विशेष बैक पेपर परीक्षाऐं आयोजित कराये जाने के संबंध में तत्समय विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा निर्णय लिये जाने की व्यवस्था की गयी है। उक्त पर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।<br>विश्वविद्यालय के नियमानुसार पालन किया जा रहा है।<br>कमेटी की मीटिंग हो चुकी है तथा कमेटी ने प्रस्ताव दे दिया है। विद्या परिषद द्वारा उक्त पाठ्यक्रम को बन्द किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। (संलग्नक A) |

| | |
|---|---|
| प्रेषित किये जाने की स्वीकृति विद्यापरिषद के मा0 सदस्यों द्वारा दी गयी। | अकेडमिक कलेण्डर वि0वि0 की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया था तथा लागू किया गया है। |
| **मद सं0 04**– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान सेलाकुई इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा दो वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित करने का अनुमोदन मा0 विद्यापरिषद के सदस्यों द्वारा दिया गया। | यह कॉलेज बन्द हो चुका है। |
| **मद सं0 05**– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी क्षेत्र में स्थापित बी0एड संस्थानों को सत्र 2013–14 से श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय नई टिहरी को स्थानांत्रित किये जाने का अनुमोदन मा0 विद्यापरिषद के सदस्यों द्वारा दिया गया। | बी0एड संचालित करने वाले सभी निजी संस्थान श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो चुके है। |
| **मद सं0 06**– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के बी0टेक Ordinance की धारा 6.3 जिसमें कि किसी भी छात्र द्वारा अधिकतम 7/5 वर्ष में बी0टेक पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य होगा का अनुमोदन मा0 विद्यापरिषद के सदस्यों द्वारा दिया गया। | कमेटी की मीटिंग हो चुकी है तथा विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रस्ताव के अनुमोदन पर सहमति बनी।<br>(संलग्नक B) |
| **मद सं0 07**– I उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त स्वायत शासी संस्थान के अकेडमिक कौंसिल, बोर्ड ऑफ स्टडीज एण्ड एक्जामिनेशन कमेटी में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधी का प्रावधान होने का अनुमोदन मा0 विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा दिया गया<br>II उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त स्वायत शासी संस्थानों के एकेडमिक काउंसिल के कार्यवृत विश्वविद्यालय की विद्या परिषद द्वारा निस्पादित किये जाने का अनुमोदन मा0 विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा दिया गया।<br>III उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त स्वायत शासी संस्थान जी0बी0 पन्त इन्जीनियरिंग कॉलेज पौड़ी तथा बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट के एकेडमिक कॉउंसिल मिनटस, विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऑडिनेंस तथा पी0एच0डी0 छात्रों के पंजीकरण के नियम अध्ययन के लिए एक कमेटी का गठन किये जाने की अपेक्षा की गयी। | एकेडमिक कॉउंसिल मिनटस, विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऑडिनेंस तथा पी0एच0डी0 छात्रों के पंजीकरण के नियम अध्ययन के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है।<br>(संलग्नक C) |
| **मद सं0 08**– शिवालिक कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग देहरादून द्वारा रोजगार के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर Elective subject introduce करने का प्रस्ताव मा0 विद्यापरिषद के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। | सत्र 2016–17 से Under Graduate के समस्त कोर्सेज में Revised पाठ्यक्रम लागू किया जाना प्रस्तावित है। Elective Subjects की सूची बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा संशोधित की जानी है। |
| **मद सं0 09**– बी0फार्मा0 पाठ्यक्रम Theory/ Sessional Marks के अन्य पाठ्यक्रमों में लागू व्यवस्था के अनुसार 100/50 किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन | व्यवस्था लागू की गयी।(संलग्नक D) |

*<u>बिंदु संख्या:– 02</u>*

**शैक्षिक सत्र 2014–15 व सत्र 2015–16 में बी0टैक0 / एम0टैक0 व अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों के विवरण पर सूचनार्थ एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को शैक्षिक सत्र 2014–15 व सत्र 2015–16 में बी0टैक0 / एम0टैक0 व अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों से अवगत कराया गया जिसका विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

*<u>बिंदु संख्या:– 03</u>*

**पी0एच0डी0 सम्बन्धित प्रवेश परीक्षा की सूचनार्थ एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा यू0जी0सी0 के द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के क्रम में दिनांक 07/08/2015 को कराई गयी पी0एच0डी0 सम्बन्धी प्रवेश परीक्षा से अवगत कराया गया। जिसका विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन दिया गया।

*<u>बिंदु संख्या:– 04</u>*

**पी0एच0डी0 डिग्री में प्रवेश हेतु छात्रों की सूची पर चर्चा व अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा पी0एच0डी0 डिग्री के लिए 2014–15 में व 2015–16 में प्रवेश किये गये छात्रों की सूची से अवगत कराया गया। जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर सहमति प्रदान करते हुए अनुमोदन दिया गया।

*<u>बिंदु संख्या:– 05</u>*

**वर्ष 2014 –2015 में पी0एच0डी0 उपाधियां प्रदान किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को वर्ष 2014 – 2015 में पी0एच0डी0 उपाधियां प्रदान किये जाने से अवगत कराया गया। जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

*<u>बिंदु संख्या:– 06</u>*

**विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षिक कलेण्डर सत्र 2015–16 अनुमोदनार्थ प्रस्तावित।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये शैक्षिक कलेण्डर सत्र 2015–16 से अवगत कराया गया। जिस पर विस्तृत चर्चा तथा चार बिंदुओं पर दिनांक 26–10–2015 को परिवर्तन करने के पश्चात मा0 सदस्यों के द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 07*

**पी0एच0डी0 ऑर्डिनेस में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 ऑर्डिनेंस में किये गये परिवर्तनों से अवगत कराया गया तथा मा0 कुलपति द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि परिवर्तित ऑर्डिनेस यू0जी0सी0 2009 द्वारा दिये गये समस्त दिशा निर्देशों व गुणवता में सुधार को ध्यान में रखकर निर्गत किया गया है। जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर तथा महत्तपर्ण बिन्दुओं पर प्रस्तावित ऑडिंनेस में संशोधन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 08*

**बी0टैक0 (पेट्रोलियम इंजीनियरिंग) हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम में चर्चा एवं स्वीकृति।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की में चलाये जा रहे बी0टैक0 पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम से अवगत कराया गया जिस पर विस्तृत चर्चा कर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 09*

**श्री गुरू रामराय इंस्ट्टीयूट ऑफ सांईस एंड टैक्नोलॉजी पटेल नगर, देहरादून में शैक्षिक सत्र 2015–16 से संचालित फार्मा–डी (छः वर्ष) एवं फार्मा–डी (पी0बी0) (तीन वर्ष) के प्रस्तावित पाठ्यक्रम में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर उपरोक्त पाठ्यक्रम का अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 10*

**कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूडकी में सत्र 2014–15 से संचालित बी0टैक0 (प्लास्टिक एण्ड पॉलिमर इंजीनियरिंग) प्रस्तावित पाठ्यक्रम में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रम का अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 11*

**देवभूमि इंस्ट्टीयूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मांडूवाला, देहरादून में संचालित हो रहे एम0टैक0 (पॉवर इलैक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइवस इन डिपॉटमेंट ऑफ इलैक्ट्रीक्ल इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रम में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यो द्वारा विस्तृत चर्चा कर उपरोक्त पाठ्यक्रम का अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 12*

**विधिक शिक्षा हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की दिनांक 26/06/2015 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय पर चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विधिक शिक्षा हेतु कराई गई बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों से अवगत कराया गया है। जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

*बिंदु संख्याः– 13*

**एम0टैक0 (थर्मल इंजीनियरिंग) के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को एम0टैक0 (थर्मल इंजीनियरिंग) के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा रिव्यू किये गये तथा पाठ्यक्रम से सम्बन्धित बिंदुओं में प्रस्तावित एकरूपता सम्बन्धित बिन्दुओं से अवगत कराया गया। जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा सहमति तथा अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 14*

**यू0एफ0एम0 (अनफेयर मीन्स) निवारण हेतु प्रस्तावित नियमावली पर चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों के समक्ष यू0एफ0एम0 (अनफेयर मीन्स) निवारण हेतु प्रस्तावित नियमावली प्रस्तुत की गयी। प्रस्तावित नियमावली के लिए गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णयों से अवगत कराया गया जिस पर विद्या परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सुझाव देकर सहमति प्रदान की गयी तथा अनुमोदन दिया गया।

*बिंदु संख्याः– 15*

**समस्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्व करने के सम्बन्ध में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः–** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय सम्बद्व करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिस पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने अवगत कराया की विश्वविद्यालय द्वारा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ पत्र भेजा जा चुका है कि आगामी परीक्षा की प्रकिया श्री देव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा शासन के निर्देशानुसार करायी जाये। शासन से तथा श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से इस पर कार्यवाही की शीघ्र ही अपेक्षा की गयी है।

*बिन्दु संख्याः–16*

**बी.टी.के.आई.टी. द्वाराहाट तथा जी.बी.पी.ई.सी. घुडदौड़ी के ऑडिनेंस को यू0टी0यू0 के ऑडिनेस के साथ एकरूपता लाने संबंधी निर्णय पर चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चः—** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को पंचम बैठक के मद संख्या—08 के (III) के क्रम में गठित की गयी कमेटी के निर्णय से अवगत कराया गया जिसके उपरांत विस्तृत चर्चा कर बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट तथा जी0बी0पी0ई0सी0 घुडदौडी के ऑडिनेस में यू0टी0यू0 के ऑडिनेस के साथ एकरूपता लाये जाने संबंधी निर्णय तथा स्वायतशासी संस्थानों के छात्र/छात्राओं के उत्तीण होने के मापदण्ड यू0टी0यू0 के अनुरूप किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

***बिंदु संख्याः—17***

**दीक्षांत समारोह आयोजित करने हेतु चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः—** वर्ष 2012 के उपरान्त कोई भी दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय में आयोजित नही हुआ है। विश्वविद्यालय के नवनिर्मित सभागार के निर्माण के कार्य दिसम्बर 2015 तक पूर्ण होने की आशा है। मा0 कुलपति महोदय द्वारा 2016 में दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने की अपेक्षा की गई है जिस पर विद्या परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

***बिंदु संख्याः— 18***

**विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान स्टेट इस्ट्टीयूट ऑफ होटल मेनेजमेन्ट टैक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशियन नई टिहरी जो कि उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित संस्थान है तथा उसमें बी0एच0एम0सी0टी0 पाठ्यक्रम सत्र 2015—16 से प्रारम्भ हुआ है, सूचनार्थ।**

**विनिश्चयः—** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय के उपरोक्त संघटक संस्थान में बी0एच0एम0सी0टी0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने से अवगत कराया गया। जिस पर सभी मा0 सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

***बिंदु संख्याः— 19***

**जसपाल राणा इस्ट्टीयूट ऑफ एजुकेशन एंड टैक्नोलॉजी, देहरादून में नया एम0पी0ई0डी0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के सूचनार्थ।**

**विनिश्चयः—** उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया जिस पर सभी मा0 सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

***बिंदु संख्याः— 20***

**रामानंद इस्ट्टीयूट ऑफ फार्मेसी मेनेजमेन्ट एंड टैक्नोलॉजी हरिद्वार में सत्र 2013—14 से संचालित एम0बी0ए0 इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम के अनुमोदन हेतु करवाई गयी बोर्ड ऑफ स्टडीज के सम्बन्ध में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चयः—** विद्या परिषद के मा0 सदस्यों को बोर्ड ऑफ स्टडीज की एम0बी0ए0 इन्टीग्रेटेड (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम चलाने के लिए की गई बैठक की रिपोर्ट से अवगत कराया गया जिस पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 21*

निजी विश्वविद्यालय के ऐसे समस्त छात्र जो कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययनरत है उन छात्रों को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अंतर्गत ही अध्ययन करना होगा तथा उनकी समस्त कक्षाएं तथा सेंशनल एग्जाम विश्वविद्यालय के ऐकेडिम कैलेण्डर के अनुसार ही संपादित की जायेगी जिनको संपादित कराने का समस्त दायित्व भी उन निजी विश्वविद्यालय का ही होगा। जहां पर छात्र/छात्राओं ने दाखिला लिया है। उनके **External Exam** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को अपने नियमित परीक्षाओं के साथ ही कराने तथा उनका परीक्षा शुल्क उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में जमा करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चयः–** विश्वविद्यालय के मा0 सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर उपरोक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

*बिंदु संख्याः– 22*

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के समस्त स्वायतशासी संस्थानों के ऐसे छात्र जिनकी डिग्री उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाती है। उनकी अंक तालिका तथा डिग्री उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा दिये जाने तथा उनके अंक तालिका तथा डिग्री शुल्क उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में जमा कराने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चयः–** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के समस्त स्वायतशासी संस्थानों के ऐसे समस्त छात्र जिनकी अंक तालिका तथा डिग्री यू0टी0यू0 द्वारा प्रदान की जाती है उनके अंकतालिका तथा डिग्री संबंधी शुल्क विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने पर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अंत में अध्यक्ष/कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

(श्री पी0 के0 जोशी)
कुलसचिव

(प्रो0 पी0 के0 गर्ग)
कुलपति